Regarding fake Toll Plaza

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) **:** अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपकी अनुमति से केवल दो सवाल करूंगा । अगर आप अनुमति देंगे तो ।

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्नकाल में सवाल होता है । शून्यकाल में सवाल नहीं होता है । शून्यकाल में हम विषय रखते हैं ।

श्री दरोगा प्रसाद सरोज**:** सर, लालगंज लोक सभा क्षेत्र में आजमगढ़ को जोड़ते हुए जौनपुर से होकर एक सड़क गुजरती है । उस पर फर्जी टोल प्लाजा लगाया गया है, जबकि उसका उपयोग नहीं किया जाता है । एनएचएआई की सड़क दूसरी है और ये सड़क दूसरी है । केवल लोगों को बाध्य किया जाता है कि आप टोल प्लाजा दीजिए, जबकि वह 15 किलोमीटर दूर है । एक सड़क जा रही है, जो लिंक रोड है, मजबूर किया जा रहा है कि आप वहां जाकर टैक्स देकर सराय मीर और फरीहा होते हुए गुजरिए । वहां फूलपुर, निजामाबाद मिलाकर चार विधान सभा क्षेत्र हैं ।

बच्चों को पढ़ने के लिए जाने में बड़ी दिक्कत आती है । जब बस जाएगी, तो उनको टोल प्लाजा पर टैक्स देगी ।

महोदय, मैं चाहूंगा कि आपका आदेश हो और मैं इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि उस टोल प्लाजा को कहीं और बनाया जाए या एनएचएआई पर बनाया जाए या फिर जो बैरियर लगा हुआ है, उसको हटवा दिया जाए । मेरी यही आपसे मांग है ।